<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

भाविप्रा निगमित मुख्यालय महिला टेबल-टेनिस टीम ने ख्याति अर्जित की

नई दिल्ल, 09 सितंबर, 2016 : खेल-कूद प्रोत्साहन बोर्ड, दिल्ली का प्रतिनिधित्व कर रही भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की निगमित मुख्यालय टीम ने नागर विमानन प्रशिक्षण कॉलेज (सीएटीसी), इलाहाबाद में 31 अगस्त से 02 सितंबर 2016 के दौरान आयोजित अखिल भारतीय अंतर आंचलिक टेबल-टेनिस टूर्नामेंट में पहली बार सभी तीनों महिला खिताब (एकल, युगल एवं टीम स्पर्धा) जीतकर इतिहास रच दिया। जहां सुश्री बिन्दु, कनिष्ठ कार्यपालक (इलेक्ट्रॉनिक्स) ने एकल खिताब जीता, वहीं सुश्री बिन्दु, कनिष्ठ कार्यपालक (इलेक्ट्रॉनिक्स) एवं सुश्री सरस्वती, अधीक्षक (राजभाषा) ने युगल खिताब अपने नाम किया तथा टीम स्पर्धा का प्रतिनिधित्व सुश्री बिन्दु, कनिष्ठ कार्यपालक (इलेक्ट्रॉनिक्स), सुश्री सरस्वती, अधीक्षक (राजभाषा), सुश्री शिक्षा, सहायक प्रबन्धक (निजी सचिव) एवं सुश्री कुसुम, सहायक प्रबन्धक (निजी सचिव) ने किया। आंचलिक टूर्नामेंट का प्रतिनिधित्व भाविप्रा के सभी क्षेत्रीय खेल-कूद नियंत्रण बोर्डों अर्थात, पश्चिमी, दक्षिणी, पूर्वी, उत्तरी तथा उत्तर-पूर्व क्षेत्र द्वारा किया गया।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें
म.प्र. (जनसंपर्क) 9811521881, 011-24622787,
सं. 35/2016-17

टीम ने ट्रॉफी डॉ० गुरुप्रसाद महापात्र, आईएएस, अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य(मानव संसाधन), भाविप्रा [दाहिनी ओर] की उपस्थिति में सौंपी। चित्र में श्री टी॰ प्रेमनाथ, कार्यपालक निदेशक (प्रशासन), भाविप्रा एवं भाविप्रा के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी दिखाई दे रहे हैं।